श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16

क्रमांक : एफ-21(2)/ला.भा.शा.रा.सं.वि./हि.रा.भा./2021-22/1197 दिनांक 13.11.2026

कार्यालय आदेश

हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तृतीय तिमाही (जुलाई 2026 से सितंबर 2026) की बैठक दिनांक 29.09.2026 के कार्यवृत्त के मद सं 1 के निरन्तर में एवं सक्षम प्राधिकारी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय के सभी विभागों/अनुभागों से अनुरोध है कि वे राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) में उल्लिखित सभी 14 दस्तावेजों जैसे:- संकल्प, सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचनाएँ, प्रशासनिक तथा अन्य रिपोर्ट, प्रेस विज्ञप्तियाँ, संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखी जाने वाली प्रशासनिक तथा अन्य रिपोर्टें एवं सरकारी कागजपत्र, संविदाएँ, करार, अनुज्ञप्तियाँ, अनुज्ञापत्र, टेंडर नोटिस, टेंडर फार्म के साथ-साथ नियुक्ति पत्र एवं कार्यवृत्त (सूची संलग्न है) अनिवार्य रूप से द्विभाषी (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में किये जाए तथा दिन प्रतिदिन के कार्य द्विभाषी मे करना सुनिश्चित करें।

साथ ही कार्यवृत्त के मद सं 2 के निरन्तर में सभी विभागों/अनुभागों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाने वाले सभी दस्तावेज अनिवार्य रूप से द्विभाषी में तैयार कर अपलोड किए जाए।

यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति उपरांत निर्गत किया जा रहा है।

सहायक कुलसचिव
(हिन्दी राजभाषा प्रकोष्ठ)

प्रतिलिपि:-

1. समस्त पीठाध्यक्ष
2. विश्वविद्यालय के समस्त विभाग एवं अनुभाग
3. कुलपति / कुलसचिव जी के निजी सचिव
4. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि इस कार्यालय आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करें तथा समस्त विभागों एवं अनुभागों को व्हाट्सएप के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी
6. सम्बन्धित पत्रावली

सहायक कुलसचिव
(हिन्दी राजभाषा प्रकोष्ठ)

Sachin 28/11/26

14 दस्तावेजों की सूची तथा नियुक्ति पत्र एवं कार्यवृत्त

List of 14 documents and appointment letter and minutes

क्र.सं.	हिंदी	English
1.	संकल्प	Resolutions
2.	सामान्य आदेश	General Orders
3.	नियम	Rules
4.	अधिसूचनाएँ	Notifications
5.	प्रशासनिक तथा अन्य रिपोर्ट	Administrative and Other Reports
6.	प्रेस विज्ञप्तियाँ	Press Releases
7.	संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखी जाने वाली प्रशासनिक तथा अन्य रिपोर्टें	Administrative and Other Reports to be laid before any House or Houses of Parliament
8.	सरकारी कागजपत्र	Government Papers
9.	संविदाएँ	Contracts
10.	करार	Agreements
11.	अनुज्ञप्तियाँ	Licences
12.	अनुज्ञापत्र	Permits
13.	टेंडर नोटिस	Tender Notices
14.	टेंडर फार्म	Tender Forms
15.	नियुक्ति पत्र	Appointment Letter
16.	कार्यवृत्त	Minutes of the Meeting (MoM)